office 07652-245207
E-mail- distt.jailshahdol57@gmail.com

# कार्यालय अधीक्षक,जिला जेल शहडोल,(म.प्र.)

क्रमांक 668 / स्थापना / 2026 शहडोल,दिनांक 28..04.2026

**प्रति,**

जेल अधीक्षक,
केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

**विषय :–** जिला जेल शहडोल की तृतीय बार वार्षिक ठेका वर्ष 2026–27 हेतु ई–निविदा का प्रकाशन बावत् सूचना एवं प्रकाशन विभाग भोपाल की ओर ऑन लाईन भेजने बावत्।

**संदर्भ :–** इस कार्यालय का पत्र क्रमांक .656..../निर्वाह/2026/शहडोल, दिनांक 28.04.2026।

::::00::::

विषयान्तर्गत निवेदन है कि जिला जेल शहडोल में निरूद्ध बंदियों उपयोग हेतु खाद्यान्न, सब्जियां–फल, जनरल/विद्युत सामग्री के क्रय हेतु ई–निविदा की कार्यवाही इस कार्यालय के संदर्भित पत्र क्रमांक .656../दिनांक 28.04.2026 द्वारा किया जा रहा है, उक्त निविदा को समाचार पत्रों में प्रकाशन कराये जाने हेतु संचालक, सूचना एवं प्रकाशन विभाग, बाणगंगा, रोशनपुरा, म.प्र.शासन भोपाल की ओर ऑन लाईन अपलोड किये जाने हेतु आपकी ओर भेजा जा रहा हैं। कृपया संलग्न निविदा को संचालक, सूचना एवं प्रकाशन विभाग, बाणगंगा, रोशनपुरा मध्यप्रदेश, शासन भोपाल के बेवसाईट में भेजने का कष्ट करें ताकि संबंधित कार्यालय द्वारा निविदा का प्रचार–प्रसार समाचार पत्रों के माध्यम किया जा सकें। उक्त निविदा को इस कार्यालय द्वारा ऑन लाईन www.tenders. gov.in में अपलोड किये जाने की कार्यवाही की जा रही हैं।

**संलग्नः–** उपरोक्तानुसार निविदा पत्र क्र. 656/दिनांक 28.04.2026।

( भास्कर पाण्डेय )
जेल अधीक्षक
जिला जेल शहडोल (म.प्र.)

office 07652-245207

E-mail- distt.jailshahdol57@gmail.com

# कार्यालय, जेल अधीक्षक, जिला जेल शहडोल,मध्यप्रदेश

क्रमांक 656 / निर्वाह / 2026 शहडोल,दिनांक 28 / 04 / 2026

प्रति,

संचालक
सूचना एवं प्रकाशन विभाग
रोशनपुरा, बाणगंगा मध्यप्रदेश,भोपाल

**विषय :–** जिला जेल शहडोल की तृतीय बार वार्षिक ई–निविदा सूचना वर्ष 2026–2027 को समाचार पत्रों में प्रकाशन बावत्।

::::00::::

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि जिला जेल शहडोल में परिरूद्व बंदियों के संधारण बावत् भोजन व्यवस्था हेतु खाधान्न, सब्जियॉ, जनरल/विद्युत सामग्री के क्रय हेतु तृतीय बार ई–निविदाएं दिनांक 18.05.2026 को सायं 5:00 बजे तक www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं।

अतः संलग्न निविदा सूचना का प्रकाशन मध्यप्रदेश के ख्याति प्राप्त किसी 03 दैनिक समाचार पत्र एवं शहडोल/रीवा संभाग के 02–02 दैनिक समाचार पत्रों में तथा स्थानीय 02–02 समाचार पत्रों में आवश्यक रूप से दिनांक 18.05.2026 के 15 दिवस पूर्व प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

**संलग्नः– निविदा सूचना की प्रति 01 ।**

(भास्कर पाण्डेय )
जेल अधीक्षक
जिला जेल शहडोल,(म.प्र.)

पृष्ठांकन क्र. 657 - 667 / निर्वाह / 2026 शहडोल,दिनांक. 28 / 04 / 2026

प्रतिलिपि :–

1. – कलेक्टर महोदय शहडोल, जिला शहडोल की ओर सूचनार्थ प्रेषित्।
2.– अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर जिला शहडोल की ओर सूचनार्थ प्रेषित्।
3.– कोषालय अधिकारी, जिला कोषालय शहडोल की ओर सूचनार्थ प्रेषित्।
4. – तहसीलदार सोहागपुर की ओर निविदा की प्रति प्रेषित् कर लेख है कि अपने कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर प्रचार–प्रसार करवाने का कष्ट करे एवं निविदा में उल्लेखित वस्तुओं के बाजार भाव दिनांक 21.05.2026 तक प्रातः 11:00 बजे के पूर्व इस कार्यालय को सीलबंद लिफाफे में गोपनीय तौर पर प्रदाय करने का कष्ट करें ताकि निविदा की कार्यवाही सम्पन्न हो सके।
5– मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, शहडोल की ओर निविदा की एक प्रति प्रेषित् कर लेख है कि स्थानीय व्यापारियों के बीच व्यापक प्रचार प्रसार करवाने का कष्ट करें।
6. – उप पंजीयक सहकारी समिति शहडोल की ओर भेज कर लेख है कि निविदा की जानकारी प्रत्येक सहकारी समिति को देने का कष्ट करें।
7. – प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम शहडोल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. – अध्यक्ष कृषि उपज मण्डी शहडोल की ओर निविदा की प्रति प्रेषित्।
9. – अधीक्षक केन्द्रीय जेल रीवा की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित्।
10. – स्थानीय व्यापारियों की ओर सूचनार्थ प्रेषित्।
11. – जिला जेल शहडोल की सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

(भास्कर पाण्डेय)
जेल अधीक्षक
जिला जेल शहडोल (म.प्र.)

# कार्यालय, जेल अधीक्षक, जिला जेल शहडोल,मध्यप्रदेश

क्रमांक 656 /निर्वाह/2026 शहडोल,दिनांक 28 /04/2026

## ::– निविदा सूचना –::

### :– ई निविदा सूचना वार्षिक ठेका वर्ष 2026–2027–तृतीय बार आमंत्रण

निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विहित फार्म में सील बंद निविदायें निम्नलिखित वस्तुओं के लिये आंमत्रित की जाती है। यह दिनांक 18.05.2026 तक अपलोड हो जाना चाहिए। निश्चित दिनांक एवं समय पश्चात् प्राप्त निविदा प्रथम दृष्ट्या मान्य नही की जावेगी तथा उसे निविदा की कार्यवाही में शामिल नहीं किया जावेगा। वार्षिक निविदा में दर्शायी वस्तुओं के भाव क्रमशः निविदा स्वीकृति होने के 01 वर्ष दिनांक 31.03.2027 अथवा 30.06.2027 तक जो भी प्रथम हो वैध होगे।

निविदा में दी गई वस्तुओं की मात्रा अनुमानित/वार्षिक आधार पर आंकलन किया गया है। आवश्यकतानुसार कम/ज्यादा हो सकती है तथा अपरिहार्य कारणों से शासन हित में कोई वस्तु के क्रय पर प्रतिबंध लगाये जाने की दशा मे संबंधित वस्तुये क्रय नहीं की जावेगी।

## ::– खण्ड – अ :–

## जिला जेल शहडोल हेतु

## वार्षिक ठेका वर्ष 2026–2027 हेतु

| क्र. | वस्तु का नाम | मात्रा शहडोल | किस्म | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1. | चावल कोर्स | 400 क्विंटल | अच्छी किस्म | म.प्र. नागरिक आपूर्ति निगम या शासकीय अर्द्ध शासकीय संस्था से उपलब्ध न होने पर आवश्यक्तानुसार ही क्रय किया जावेगा। |
| 2. | गेहूँ | 400 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 3. | शक्कर(मोटादाना) | 50 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 4. | राहर दाल | 50 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 5. | मूँगदाल छिल्का | 30 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 6. | उड़ददाल छिल्का | 30 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 7. | खडी मसूरदाल छिलका | 30 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 8. | च्नादाल | 50 क्विंटल | अच्छी किस्म | ———''''——— |
| 9. | खड़ा चना देशी | 15 क्विंटल | अच्छी किस्म | ———''''——— |
| 10. | पोहा | 15 क्विंटल | अच्छी किस्म | ———''''——— |
| 11. | नमक आयोडीन युक्त | 35 क्विंटल | अच्छी किस्म | ब्राण्ड का नाम उल्लेख करे |
| 12. | सोयाबीन रिफाईंड तेल | 25 क्विंटल | अच्छी किस्म | ब्राण्ड का नाम उल्लेख करे |
| 13 | बनस्पति घी (डालडा) | 06 क्विंटल | अच्छी किस्म | ट्रेर्ड मार्क ब्राण्ड लिखना अनिवार्य है। |
| 14 | गुड़ देशी | 06 क्विंटल | अच्छी किस्म | तदैव |
| 15 | चायपत्ती | 07 क्विंटल | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड शासकीय/ अर्द्वशासकीय या चिन्हित संस्थाओं या अधिकृत बिक्रेता से उपलब्ध न होने पर ही आवश्यक्तानुसार पर क्रय किया जावेगा। |
| 16 | हल्दी पिसी | 04 क्विंटल | अच्छी किस्म | केन्द्रीय जेल या खादी ग्रामोद्योग भड़ार से उपलब्ध न होने पर आवश्यक्तानुसार क्रय किया जावेगा। |
| 17 | मिर्ची पिसी | 04 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 18 | धनिया पिसी | 04 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 19 | इमली बीज रहित | 10 क्विंटल | अच्छी किस्म | ———''''——— |
| 20 | साबुदाना | 02 क्विंटल | अच्छी किस्म | आवश्यक्तानुसार क्रय किया जावेगा। |
| 21 | मूगफली दाना | 02 क्विंटल | अच्छी किस्म | ———''''——— |
| 22 | गरम मसाला पिसा | 03 क्विंटल | अच्छी किस्म | ———''''——— |
| 23 | पिण्ड खजूर | 50 किलो | अच्छी किस्म | ———''''——— |
| 24 | सेधा नमक | 10 किलो | अच्छी किस्म | ———''''——— |
| 25 | दूध | 100 क्विंटल | अच्छी किस्म | शासकीय/अर्द्वशासकीय संस्थाओ से प्राप्त न होने पर ही क्रय किया जावेगा। |
| 26 | अण्डा (पोल्ट्री फार्म का) | 15000 नग | अच्छी किस्म | ———''''——— |
| 27 | बिस्किट पारले जी | 02 क्विंटल | अच्छी किस्म | ———''''——— |
| 28 | दही ताजा | 20 क्विटल | अच्छी किस्म | ———''''——— |

**अनुमानित कीमत राशि रूपये 1,00,00,000/–प्रतिभूति राशि का 03%रूपये 3,00,000/–**

क्रमशः 02 –

::— खण्ड — ब :—

# जिला जेल शहडोल हेतु

## स्वच्छता एवं अन्य विविध सामग्री वर्ष 2026—2027 हेतु

| क्र. | वस्तु का नाम | मात्रा | किस्म | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 6 | 7. |
| 1 | सरसों तेल | 08 क्विंटल | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड एवं वजन किलोग्राम में देवे। शासकीय / अर्द्धशासकीय / अधिकृत एजेन्सी खादी ग्रामोद्योग या शासन द्वारा चिन्हित संस्थाओं से प्राप्त न होने पर ही क्रय किया जावेगा। |
| 2 | नारियल तेल | 02 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 3 | कोलगेट टूथ पावडर | 02 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 4 | नहाने का साबुन | 13 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 5 | वाशिंग पाउडर | 09 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 6 | कपड़ा धोने का साबुन | 15 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 7 | सीक झाडू | 500 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 8 | छीद झाडू | 500 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 9 | ब्रश 2" पुताई | 150 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 10 | ब्रश 4" पुताई | 150 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 11 | ब्रश रोल | 150 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 12 | चूना कली पुताई | 15 क्विंटल | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 13 | पीली मिट्टी | 04 क्विंटल | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 14 | गेरू | 02 क्विंटल | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 15 | टायलेट ब्रुश | 150 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 16 | एसिड (टायलेट क्लीनर) | 1200 वाटल | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 17 | सेंटेड फिनाईल | 50 किलो | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 18 | फिनाइल गोली | 05 किलो | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 19 | बॉस सूपा / टोकनी | 30 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 20 | मिट्टी के घड़े | 600 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 21 | एल.ई.डी. 15 वा.प्रतिनग | 50 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 22 | एल.ई.डी. 20 वा. प्रतिनग | 50 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 23 | एल.ई.डी. 35 वा. प्रतिनग | 50 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 24 | एल.ई.डी. 40 वा. प्रतिनग | 50 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 25 | एल.ई.डी. होल्डर—`— | 50 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 26 | वायर 1 एमएम | 1000 मीटर | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 27 | वायर डोरी साधारण | 20 बण्डल | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 28 | स्विच ऑन / ऑफ | 100 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 29 | थ्री पिन साकेट | 20 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 30 | टू पिन साकेट | 25 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 31 | पॉच पिन साकेट | 15 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 32 | पावर बोर्ड | 10 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 33 | 02 हार्स पावर वायर | 1000 मीटर | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 34 | डिस्टेम्पर (उत्सव का) | 50 लीटर | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 35 | पेन्ट / एक्कोलाईट | 25 लीटर | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 36 | एमल्सन | 20 लीटर | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 37 | ब्लेक जापान | 10 लीटर | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 38 | प्लास्टिक बाल्टी | 600 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 39 | प्लास्टिक मग | 600 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 40 | प्लास्टिक जीभी | 2000 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 41 | प्लास्टिक कंघी / कंघा | 30 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 42 | प्लास्टिक टूथ ब्रश कोलगेट ब्राण्ड का | 2000 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 43 | सेविंग ब्लेड | 15000 नग | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |
| 44 | ब्लीचिंग पाउडर | 01 क्विंटल | अच्छी किस्म | ब्रान्डेड |

**अनुमानित कीमत राशि रूपये 09,00,000 / —प्रतिभूति राशि का 03% रूपये 27,000 / —**

क्रमशः 03—

## ::– खण्ड – ''स'' :–

# सब्जियाँ एवं फल वर्ष 2026–2027

## जिला जेल शहडोल हेतु

| क्र. | वस्तु का नाम | मात्रा | किस्म | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1 | आलू | 90 क्विंटल | अच्छी किस्म | जेल बगीचा में उपलब्ध न होने पर आवश्यकतानुसार क्रय किया जावेगा। |
| 2 | प्याज | 06 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 3 | टमाटर पका | 06 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 4 | भटा (बैगन) | 30 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 5 | लौकी | 30 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 6 | कुम्हड़ा (कद्दू) | 30 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 7 | पत्ता गोभी | 30 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 8 | फूल गोभी | 30 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 9 | बरबटी | 05 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 10 | भिण्डी | 05 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 11 | कुदरू | 05 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 12 | घुईयाँ(अरबी) | 05 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 13 | गिलकी | 05 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 14 | गंवार फली | 02 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 15 | लालभाजी | 10 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 16 | पालकभाजी | 13 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 17 | टिण्डा | 02 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 18 | करैला | 03 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 19 | परवल | 03 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 20 | कटहल | 08 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 21 | फर्रासबीन | 01 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 22 | शकरकंद | 01 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 23 | मटरफली | 05 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 24 | मूली | 03 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 25 | गाजर | 03 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 26 | नीबू | 1000 नग | अच्छी किस्म | |
| 27 | हरी मिर्च | 03 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 28 | हरी धनियाँ | 03 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 29 | केला पका | 02 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 30 | सेवफल | 02 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 31 | पपीता | 01 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 32 | मोसम्मी | 01 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 33 | अनार | 01 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 34 | सन्तरा | 01 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 35 | तरबूज | 01 क्विंटल | अच्छी किस्म | |
| 36 | चुकन्दर | 01 क्विंटल | अच्छी किस्म | |

अनुमानित कीमत राशि रूपये 15,00,000/–प्रतिभूति राशि का 03%रूपये 45,000/–

जेल अधीक्षक
जिला जेल शहडोल (म.प्र.)

## ::– निविदा की शर्ते –::

1. — वित्तीय वर्ष 2026–2027 के लिए खाद्यान्न, सब्जियाँ दवाईयाँ एवं अन्य विविध सामग्री के क्रय की कार्यवाही म.प्र. जेल पूर्ति नियम, 1968 एवं मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम, तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संसोधित–2022) के अन्तर्गत ई–टेण्डरिंग के माध्यम से अर्थात ऑनलाईन की जाएगी।

2. — निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा शुल्क ठेके की लागत 5 लॉख तक रू. 500 एवं 5 लाख से अधिक रू.1000,प्रति निविदा फार्म ऑनलाईन लेखा शीर्ष 0056 जेलें–800 अन्य प्राप्तियॉ में जमा करना होगा।

3.– निविदाऐं खंडवार पृथक–पृथक ऑनलाईन जमा की जाएंगी। निविदा में 03% प्रतिशत बयाने की राशि खंडानुसार www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जाएगी। 03% प्रतिशत निविदा प्रतिभूति (Earnest money Deposit)अर्थात बयाने की राशि का विवरण निम्नानुसार हैं:–

| क्रमॉक | खण्ड का नाम | कुल लागत | 3% प्रतिशत प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | खाद्यान्न | 1,00,00,000 | 3,00,000 |
| 2. | सब्जियाँ | 15,00,000 | 45,000 |
| 3. | स्वच्छता एवं अन्य सामग्री | 09,00,000 | 27,000 |

4. — वार्षिक ई–निविदा में दर्शायी गयी वस्तुओं के भाव अधिकतम दिनॉक 30.06.2027 अथवा अगले वर्ष का ठेका स्वीकृत होने तक जो भी प्रथम हो वैद्य रहेंगे।

5. — खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता औसत स्तर की होनी चाहिए। प्रत्येक निविदाकार को सामग्री की दरें ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होगी। निविदा में जो दरें प्रस्तुत की जाएँ वे समस्त करों सहित होनी चाहिएँ। पृथक से कोई कर देय नही होगी।

6. — उन्हीं निविदाकारों की निविदा स्वीकृत होगी, जो वस्तु एवं सेवाकर (GST) के अन्तर्गत रजिस्टर्ड व्यापारी होगें। प्रत्येक निविदाकार को निविदा के साथ निविदा विज्ञप्ति प्रकाशित होने कि तिथि से पिछले तीन माह का जीएसटी रिटर्न अथवा पिछली तिमाही (Quarter) का जी.एस.टी. रिटर्न प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

7.– निविदाएं संबंधित जेल कार्यालय में उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों एवं क्रय समिति की उपस्थिति में निर्धारित तिथि को नियत समय पर खोली जाएंगी। तिथि परिवर्तन की सूचना www.mptenders.gov.in पर अपलोड कर एवं जेल सूचना पटल पर लिखित में चस्पा कर दी जाएगी एवं निविदाकारों को अनिवार्य रूप से सूचित किया जायेगा।

8. — प्रत्येक निविदाकार द्वारा निविदा के साथ आवश्यक रूप से कारागार अधिनियम,1894 की धारा –10 एवं जेल मुख्यालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमॉक 05/वारंट–3/भोपाल, दिनॉक 28.01.2015 के प्रावधान के अनुसार क्रमशः प्ररूप (अ) एवं (ब) में पृथक–पृथक 200–200 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर मूल प्रति में ही नोटरी द्वारा प्रमाणित कर शपथ–पत्र आवश्यक रूप से बनाये व इसको ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करें। शपथ पत्र के अभाव में निविदा मान्य नहीं होगी। शपथ पत्र का प्रारूप ऑनलाईन www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं जो निम्नानुसार है:–

::– शपथ पत्र ::– "अ"

( कारागार अधिनियम 1894 की धारा 10 के प्रावधान के अनुरूप )

मैं ......................जो जिला जेल ...................... के लिए सामग्री प्रदाय हेतु फार्म ...................... की ओर से निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ, शपथ पूर्वक घोषण करता हूँ कि निविदा करने वाली फार्म ......................................के मालिक/भागीदार अथवा कोई निकट परिजन मध्यप्रदेश में जेल विभाग में किसी भी स्थान पर किसी भी तरह के पद पर नियोजित नहीं है।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

::– शपथ पत्र ::– "ब"

( जेल मुख्यालय के परिपत्र क्र.05/वारंट–03/बन्दी मृत्यु/2015 भोपाल,दिनांक 28.01.2015 )

मै.......................................जो/जिला जेल..............................के लिए सामग्रियॉ प्रदाय हेतु फर्म ..................................................की ओर से निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ। शपथ पूर्वक घोषण करता हूँ कि निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म ...................................................... के मालिक/भागीदार किसी भी अपराधिक प्रकरण में जमानत पर रिहा नही हूँ अथवा न ही कभी जेल में निरूद्व रहा हूँ।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

9. – तहसील/मंडी/खाद्यान्न क्रय समिति की दरें निविदा खोलने की दिनॉक के पूर्व प्राप्त न होने की स्थिति में,क्रय समिति के विवेक पर एक सप्ताह में प्राप्त करने की शर्त पर, निविदा खोलने की तिथि बढ़ाई जा सकेगी।

10. – निविदा में निविदाकारों द्वारा निम्नानुसार स्वयं हस्ताक्षरित एवं फर्म की सील सहित दस्तावेज आंनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर अपलोड कराएं जाएंगे। तकनीकी बिड खुलने के पश्चात् आंनलाईन अपलोड दस्तावेजों का क्रय समिति द्वारा परीक्षण कर, हस्ताक्षर किये जावेंगे। अपठनीय, अस्पष्ट एवं संदेहास्पद दस्तावेज की मूलप्रति मंगाकर जेल अधीक्षक तस्दीक करेंगें। निविदाकार द्वारा मूल प्रतियां प्रस्तुत न करने की दशा में उसकी 3% प्रतिशत निविदा प्रतिभूति की राशि (E.M.D.) राजसात कर ली जाएगी। तकनीकी बिड में पात्र निविदाकर्ता के ही वित्तीय प्रस्ताव (Financial bid) खोले जायेगें:-

i. आधार कार्ड एवं पैन कार्ड

ii. मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के अधीन पंजीकरण का वैध प्रमाण-पत्र।

iii- जी.एस.टी. पंजीयन एवं निविदा विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से पिछले 03 माह का जी.एस.टी. रिटर्न अथवा पिछली तिमाही (Quarter) का जी.एस.टी.रिटर्न भरने का प्रमाण पत्र।

iv. विगत 03 वर्षो का आयकर रिटर्न प्रमाण-पत्र

v. शपथ पत्र अ एवं ब ।

vi. अनाज एवं सब्जी विक्रय हेतु कृषि उपज मंडी समिति का वैध लायसेंस।

vii. खाद्य वस्तुओं/दवाईयों के लिए खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम,2006 के अधीन रजिस्ट्रेशन अथवा वैध अनुज्ञप्ति (लायसेन्स)।

viii. वस्तुओं के व्यापार संबंधी नगर निगम/नगर पालिका/नगर परिषद का वैध लायसेंस इन संस्थाओं द्वारा वैद्य लायसेन्स जारी न करने की दिशा में उनका स्पष्ट पत्र।

ix. दवाईयों की निविदा हेतु वैध ड्रग लायसेन्स।

x. निविदा में उल्लेखित सामग्री के अपेक्षित नमूने संबंधित पत्र।

xi. वस्तुओं के उल्लेखित ब्राण्ड से संबंधित पत्र।

xii. निविदाकार फर्म का नाम किसी भी विभाग में काली सूची (BLACK LIST) में नही होने का घोषणा पत्र।

11. निविदा के साथ संलग्न किये गए दस्जावेजों का उनके जारीकर्ता विभाग से सत्यापन कराया जा सकता है। सत्यापन के दौरान यदि दस्तावेज फर्जी अथवा गलत पाये जाते हैं तो संबंधित व्यापारी का ठेका निरस्त कर उसके विरूद्व वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

12. निविदा में उल्लेखित खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के अपेक्षित नमूने निविदाकार को नियत तिथि एवं निर्धारित समय तक प्रस्तुत करने होगें। निविदाकार जिन सामग्रियों के लिये निविदा प्रस्तुत कर रहे हैं उन सामग्रियों के ब्राण्ड तथा मेक का स्पष्ट उल्लेख किया जाना आवश्यक है। नमूने प्राप्त न होने अथवा सामग्री के नाम के साथ ब्राण्ड नामों का उल्लेख न होने पर निविदा पर विचार नही किया जाएगा। नमूने 500-500 ग्राम के पारदर्शी डिब्बों में समान गुणवत्ता वाले दो-दो पैक में फर्म का नाम लिखकर, नमूनों को पूर्णतः सीलबंद कर, स्वहस्ताक्षरित फर्म की सील लगाकर प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं।

13. नमूने का परीक्षण उपस्थित निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों तथा संबंधित जेल की क्रय समिति की उपस्थिति में किया जाएगा। जेल क्रय समिति द्वारा स्वीकृत नमूनों पर हस्ताक्षर कर, सील बन्द डिब्बे में रखे जाएंगे। निविदाकारों द्वारा प्रदाय वस्तुएं साफ-सुथरी होंगी और नमूनों से मिलाई जायेंगी, व्यापारियों द्वारा प्रदाय माल का मिलान नमूने के मुताबिक होने या न होने की घोषणा जेल अधीक्षक, द्वारा की जाएगी जो मान्य होगी।

14. निविदा में दर्शाई गई सामग्री की मात्रा अनुमानित है। आवश्यकता पड़ने पर सामग्री की मात्रा कम या अधिक की जा सकती है। सफल निविदाकर्ता को निर्धारित अवधि में सामग्री का प्रदाय स्वीकृत ट्रेडमार्क या नमूने के अनुरूप करना होगा। कोई भी सामग्री उपरोक्तानुसार न होने पर स्वीकार नहीं की जाएगी। अस्वीकृत माल ठेकेदार को अपने व्यय से तुरन्त वापस ले जाकर, नमूने अनुसार माल प्रदाय करना होगा। प्रदाय न करने पर खुले बाजार से माल क्रय किया जाकर शासन को हुए अधिक व्यय की वसूली संबंधित ठेकेदार से की जाएगी। यह वसूली भू-राजस्व के बकाया के रूप में या उसकी जमा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) राशि में से की जा सकेगी। साथ ही उसे भविष्य के लिए जेल विभाग में निविदाऍ प्राप्त करने के लिए ब्लैंक लिस्टेड करने हेतु कार्रवाई की जाएगी।

15. सब्जियाँ साफ एवं ताजी प्रदाय करनी होंगी, जो प्रातः 7:00 बजे से 9:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जेल गेट तक पहुंचानी होंगी। निर्धारित समय तक सब्जियाँ प्राप्त न होने पर बंदियों की भोजन व्यवस्था बनाये रखने के लिये खुले बाजार से सब्जियाँ क्रय की जाएंगी, जिस पर शासन को हुए अधिक व्यय की वसूली ठेकेदार को देय किसी भी रकम से की जा सकेगी। ठेकेदार द्वारा विलम्ब से भेजी गई सब्जियाँ वापस कर दी जाएंगी जिसके लिये ठेकेदार स्वयं उत्तरदायी होंगे। सब्जियाँ जेल बगीचे से उपलबध न होने की दशा में ही ठेकेदार से क्रय की जाएंगी।

16. दवाईयों एवं चिकित्सीय सामग्रियों की निविदा हेतु निविदाकार को बैध ड्रग लायसेंस अपलोड करना आवश्यक है। जिन दवाओं में एक्सपायरी डेट निर्माता कंपनी द्वारा एक वर्ष से अधिक की नियत की गई हो, ऐसी दवाईयों की प्रदायगी में सामान्यतः एक्सपायरी डेट कम से कम एक वर्ष शेष होना आवश्यक हैं। दवाईयाँ एवं अन्य चिकित्सीय सामग्री ठेके में एम.आर.पी. से अधिकतम डिस्काउंट देने वाले निविदाकर की निविदा स्वीकृत की जाएगी। निविदाकारों को अस्पताल में भर्ती बंदियों तथा जेल में गंभीर रूप से बीमार बंदियों हेतु माँग किये जाने पर तत्काल दवाईयों की पूर्ति करनी होगी।

17. निविदा में उल्लेखित सभी वस्तुएं शासकीय एंव अर्द्धशासकीय संस्थाओं द्वारा प्रदाय न करने की स्थिति में ही स्वीकृत निविदाकारों से क्रय की जाएंगी।

18. जिस निविदाकार की निविदा जेल क्रय समिति द्वारा स्वीकार करने की अनुशंसा की गई हो उसे 10 दिवस के अन्दर 100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर करारनामा भरना होगा, जिसकी प्रति संबंधित जेल के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

19. सशर्त निविदा मान्य नही की जाएगी। ठेके की शर्तो के क्रियान्वयन के लिये सफल निविदाकर्ता, निविदा में लेख रकम के बराबर का शोध क्षमता प्रमाण–पत्र या उसके बदले में निविदा की रकम के 3% प्रतिशत तक निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) डिमांड ड्राप्ट/मियादी जमा रसीद/बैंकर्स चैक/बैंक गारंटी के रूप में देगा, बैंक गारंटी का सत्यापन संबंधित बैंक से कराया जाएंगा। प्रतिभूति की राशि जेल अधीक्षक के नाम से देय होगी। 3% प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति राशि निविदा स्वीकृत होने के 10 दिवस के अन्दर जमा करनी होगी।

20. निविदा महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश के अनुमोदन उपरांत ही मान्य होगी। निविदा खुलने के बाद, यदि न्यूनतम दर वाली निविदाकर्ता (L1) निविदा वापस लेते हुये करारनामा भरने एवं निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) जमा करने से इंकार करता है, तो उसका टेण्डर निरस्त करते हुये उसके द्वारा जमा की गई 03% प्रतिशत निविदा प्रतिभूति (Earnest Money Deposit) अर्थात बयाने की राशि जप्त कर ली जाएगी और संबंधित खंड/सामग्री की निविदा पुनः आमंत्रित की जाएगी।

21. सफल निविदाकर्ता को समस्त पूर्तियाँ समझौते के अनुसार किश्तों में आवश्यकतानुसार दैनिक/सम्ताहिक/पाक्षिक/मासिक इन्डेंट के आधार पर संबंधित जेल के गेट पर करनी होगीं। इसके लिये कोई अतिरिक्त भाड़ा देय नहीं होगा। इन्डेंट प्राप्त करने की जवाबदारी निविदाकार की होगी।

22. प्रत्येक निविदाकार को पत्राचार करने के लिए अपने अधिकृत मोबाइल नम्बर/Whatsaap Number/ Email ID देना अनिवार्य होगा। जिन निविदाकारों ने निविदा प्रस्तुत करते समय फर्म के प्रिन्टेट लेटर पैड पर मोबाइल नम्बर/Whatsaap Number/ Email ID में से कोई 01 भी अंकित किया है तो उसे भी मान्य किया जावेगा। उक्त अधिकृत माध्यमों पर दी गई सूचना सभी प्रयोजनों के लिये मान्य होगी।

23. देयकों का भुगतान संबंधित जेल द्वारा ई–पेमेंट के माध्यम से किया जाएगा। सामग्री के भुगतान के समय नियमानुसार जो भी कर काटने योग्य होगा, काटा जाएगा। विशेष परिस्थिति में भुगतान हेतु, डिमांड ड्राप्ट/बैंकर्स चैक पर बैंक का कमीशन भी व्यापारी से काटा जाएगा। देयकों के भुगतान में बिलंब होने के कारण वस्तुओं का प्रदाय रोकने का अधिकार ठेकेदार को नही होगा।

24. महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएँ, मध्यप्रदेश को संबंधित जेल की क्रय समिति द्वारा अस्थाई रूप से स्वीकार की गई निविदा की पुष्टि करने या अभिलिखित कारणों के आधार पर उसे अंशतः स्वीकृत या नामंजूर करने का अधिकार हैं।

25. निविदा तथा करारनामें के अनुसार पूर्ति के संबंध में सभी विवाद संबंधित जेल के जिले में स्थित सक्षम न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगें।

जेल अधीक्षक
जिला जेल शहडोल (म.प्र.)

office 07652-245207
E-mail- distt.jailshahdol57@gmail.com

# कार्यालय, अधीक्षक जिला जेल शहडोल,मध्यप्रदेश

क्रमांक 656/निर्वाह/2026 शहडोल,दिनांक 28/04/2026

## ::– ई–निविदा सूचना तृतीय बार वार्षिक ई निविदा आमंत्रण वर्ष 2026–2027–::

जिला जेल शहडोल मे परिरूद्व बंदियों के उपयोग में लगने वाली खाद्यान्न, सब्जियॉ , स्वच्छता/विद्युत सामग्री अन्य विविध सामग्रियों के क्रय करने के लिए ई–निविदाऍ वर्ष 2026–2027 https:// www.mptender.gov.in पर तृतीय बार ई–निविदा आंमत्रित गई है। इच्छुक व्यापारीगण निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार हैं।

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 |
| 1. | प्री–विड मीटिंग | 02.05.2026/ सुबह 11:00 बजे | जिला जेल शहडोल,(म.प्र.) |
| 2. | ई–निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि ( निविदा फार्म का मूल्य रू.05.00 लॉख तक 500.00 एवं रूपये 05.00 लॉख से अधिक 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेले, 800 अन्य प्राप्तियॉ में जमा की जावेगी। | 18.05.2026/सायं 05:00 बजे तक | www.mptender.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई–निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 18.05.2026/सायं 5:00बजे तक | www.mptender.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | सेम्पल जमा करने की अंतिम तिथि | 19.05.2026/सायं 05:00 बजे तक | जिला जेल शहडोल,(म.प्र.) |
| 5. | तकनीकी ई–निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 20.05.2026/सायं 05.00 बजे | www.mptender.gov.in जिला जेल शहडोल,(म.प्र.) |
| 6. | वित्तीय ई–निविदा खोलने की तिथि | 21.05.2026/ सायं 05.00 बजे | www.mptender.gov.in पर प्राप्त की जा सकती हैं। |

नोट :–

01.– **संबंधित व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई–निविदा के नियम व शर्तो का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptender.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती हैं।**

( भास्कर पाण्डेय )
जेल अधीक्षक
जिला जेल शहडोल (म.प्र.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhaskar Pandey
Date: 2026.05.06 18:56:40 IST
Location: Madhya Pradesh-MP